
**शुक्रवार**
01 मार्च 2024



**पृष्ठ 4**
**बालों की ग्रोथ को करना है फास्ट, तो अपनाएं ये नेचुरल तरीके**



**पृष्ठ 5**
**सिद्धार्थ मल्होत्रा और वरुण धवन मचाएंगे देसी बॉयज 2 में धमाल**




- देहरादून
- वर्ष 32
- अंक 36
- पृष्ठ 8
- मूल्य ₹ 1.00

# दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त


**आज का विचार**


कलाकार प्रकृति का प्रेमी है अतः वह उसका दास भी है और स्वामी भी।
– रवींद्रनाथ ठाकुर

# सभी पांच सीटों पर भाजपा प्रत्याशी तय

विशेष संवाददाता

नई दिल्ली/देहरादून। बीते कल दिल्ली में चली सी ई सी की मैराथन बैठक में भाजपा द्वारा 150 उम्मीदवारों के नाम तय किये जा चुके हैं जिसमें उत्तराखंड की 5 सीटें भी शामिल है। भाजपा ने अभी इन नामों की घोषणा नहीं की है। लेकिन संभवतया आज देर शाम तक भाजपा लोकसभा चुनाव के लिए अपने प्रत्याशियों की सूची जारी कर सकती है।

उल्लेखनीय है कि भाजपा द्वारा पांच-पांच दावेदारों की सूची केंद्र को



भेजी गई थी। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट का कहना है कि सभी दावेदार दमदार है तथा सभी का अच्छा राजनीतिक अनुभव है लेकिन अंतिम फैसला हाईकमान को ही करना है। कल भाजपा सीईसी की बैठक रात तीन बजे तक चली जिसमें उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड सहित कई राज्यों के प्रत्याशियों के नामों पर विचार मंथन किया गया। इस बैठक में सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार

**❑आज शाम तक हो सकती है सूची जारी**
**❑तीन सीटों पर प्रत्याशी बदलने की चर्चा**

150 के आसपास नाम तय कर लिए गए हैं। उत्तराखंड की सभी पांचो सीटों पर भी प्रत्याशी तय कर लिए गए हैं जिनके नामों की घोषणा आज की जा सकती है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भाजपा ने दो सीटों पर अपने प्रत्याशी नहीं बदले हैं जबकि तीन सीटों पर नए प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारा है। भाजपा के लिए पांच-पांच में से पांच नामों का चयन करना निश्चित रूप से एक बड़ी चुनौती थी क्योंकि इतनी बड़ी संख्या में दावेदारों के होने से असंतोष का स्तर भी उतना ही बड़ा हो सकता है।

उधर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा का कहना है कि कांग्रेस द्वारा भी

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

**-नाबालिग किशोरी की मौत प्रकरण-**

# पोस्टमार्टम रिपोर्ट की मांग को लेकर परिजनों व क्षेत्रवासियों का हंगामा

संवाददाता

देहरादून। फ्लैट में नाबालिग किशोरी की मौत के मामले में बस्ती में किशोरी का शव रखकर परिजनों व क्षेत्रवासियों ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट की मांग करते हुए हंगामा किया। वीडियो बना रहे एलआईयू कर्मी से मारपीट की गयी। महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल व बाल आयोग की अध्यक्ष गीता खन्ना मौके पर पहुंची जबकि भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर तैनात रहा।

उल्लेखनीय है कि गत दिवस रेसकोर्स विधायक हॉस्टल के पास फ्लैट में एक नाबालिग किशोरी ने

**❑महिला आयोग व बाल आयोग की अध्यक्ष मौके पर**
**❑वीडियो बना रहे एलआईयू कर्मी से की मारपीट**

आत्महत्या कर ली थी। जिसके बाद परिजनों व क्षेत्रीय लोगों ने हंगामा करते हुए किशोरी जिसके



यहां काम करती थी उस परिवार पर किशोरी के साथ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। तीन डाक्टरों के पैनल ने किशोरी का पोस्टमार्टम किया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मारपीट व दुष्कर्म के कोई साक्ष्य नहीं मिले थे। आज प्रात: किशोरी के परिजन व क्षेत्रीय लोगों ने किशोरी का शव बस्ती में रखकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट की मांग करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही एसपी सिटी प्रमोद कुमार व पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने लोगों को शांत कराने

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

# उत्तराखंड के पूर्व राज्यपाल अजीज कुरैशी का निधन

हमारे संवाददाता

नई दिल्ली। उत्तराखंड के पूर्व राज्यपाल और कांग्रेस नेता रहे अजीज कुरैशी का निधन हो गया है। बताया जा रहा है कि कुरैशी लंबे समय से बीमार चल रहे थे। 83 साल की उम्र में उन्होंने आखिरी सांस ली। वहीं उनके निधन की खबर मिलने के बाद से सियासी गलियारे में शोक की लहर दौड़ गई है।



बता दें कि 24 अप्रैल 1941 को भोपाल में जन्में कुरैशी उत्तराखण्ड, उत्तर प्रदेश और मिजोरम के पूर्व में राज्यपाल रह चुके हैं। 2014 में एक महीने के लिए उन्हें उत्तर प्रदेश का राज्यपाल नियुक्त किया गया था। उनकी मौत की खबर मिलने के बाद से सियासी गलियारे में शोक की लहर है। अजीज कुरैशी को 24 जनवरी 2020 को मध्य प्रदेश की तत्कालीन कमलनाथ सरकार ने मध्य प्रदेश उर्दू अकादमी का अध्यक्ष नियुक्त किया था। अजीज कुरैशी साल 1973 में मध्य प्रदेश में कैबिनेट मंत्री भी रह चुके हैं।

# मैंने '400 पार' नारा इसलिए लगाया क्योंकि देश को 'मोदी की गारंटी' पर भरोसा हैः पीएम मोदी

धनबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को झारखंड के धनबाद में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा इस बार '400 सीटों के पार' का नारा लगाते हुए कहा, मैंने 400 पार का नारा इसलिए लगाया क्योंकि पूरे देश को मोदी की गारंटी पर भरोसा है। पीएम मोदी ने रैली में आये लोगों से कहा कि इस समय पूरे देश में हर जगह एक ही आवाज सुनाई दे रही है और वह है अब की बार, 400 पार।

प्रधानमंत्री ने कहा, मैं माफी चाहता हूं कि यह पंडाल बहुत छोटा है, यहां तो केवल 5 फीसदी लोग हैं बाकि 95 फीसदी लोग तो बाहर धूप में खड़े हैं।



में 400 से अधिक सीटें जीतेगी क्योंकि यह देश मोदी की गारंटी पर भरोसा कर रहा है। पीएम मोदी ने विपक्षी दल कांग्रेस और उसके सहयोगियों पर निशाना साध ते हुए कहा कि दूसरी ओर के लोग इस देश में सकारात्मक विकास के दुश्मन हैं।

पीएम मोदी ने यहां की जेएमएम और कांग्रेस की गठबंधन वाली सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जो जनता का लूटा वो लौटाना पड़ेगा। यह मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा जब से यहां जेएमएम और कांग्रेस की परिवारवादी, भ्रष्टाचारी और तुष्टीकरण वाली सरकार बनी है तब से स्थितियां बहुत बिगड़ी हैं। जेएमएम मतलब हो गया है, जमकर के खाओ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन की सरकार विकास और जनता विरोधी है। इन लोगों के पास जनता का हक छीनकर सरकार में मौज करने के अलावा कोई और विजन नहीं है। जबकि मोदी की कोशिश है कि आपका अधिकार सीधा-सीधा आपको मिले।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# बढ़ते महिला अपराध

चुनावी दौर में भले ही उत्तराखंड की धामी सरकार अपनी यूसीसी कानून लाने जैसी उपलब्धियों का ढोल पीट रही हो जिसमें महिलाओं को अधिकारों से सशक्त बनाने का दावा किया जा रहा है लेकिन बेटी पढ़ाओ और बेटी बचाओ का नारा लगाने वाली भाजपा सूबे में बेटियों की हिफाजत करने में पूरी तरह से नाकाम साबित हो रही है। बीते कल जब सूबे की सरकार विधानसभा में कानून और व्यवस्था के सवाल पर चर्चा कर रही थी उस समय विधानसभा भवन से चंद कदमों की दूरी पर एक किशोरी द्वारा एक फ्लैट में फांसी लगाने को लेकर हंगामा चल रहा था। कानून व्यवस्था को लेकर सरकार से दो–दो हाथ कर रहे विपक्ष के सदस्यों को जब यह जानकारी मिली कि फ्लैट में काम करने के लिए नौकरी पर रखी गई एक 15 वर्षीय किशोरी ने उत्पीड़न से तंग आकर आत्महत्या कर ली है तो समूचा विपक्ष सदन की कार्यवाही का बहिष्कार कर घटनास्थल पर पहुंच गया। आरोपी परिवार पर जबरन काम कराने और किशोरी से मारपीट करने का आरोप है। युवती के पोस्टमार्टम में हालांकि पुलिस द्वारा दुष्कर्म जैसी बातों के साबित न होने की बात कही जा रही है लेकिन 15 साल की लड़की से बाल श्रम कराने मारपीट करने के साथ ही पोक्सो एक्ट में भी मुकदमा दर्ज किया गया है। धर्मपुर क्षेत्र के विधायक विनोद चमोली ने बाल श्रम मामले में पुलिस को लताड़ लगाते हुए कहा कि आखिर ऐसा हो कैसे रहा है। भले ही जनप्रतिनिधि आंखें मूंदे बैठे रहे लेकिन दून के तमाम आवासीय फ्लैटो में बड़ी संख्या में नाबालिक लड़कियों से मजदूरी कराई जा रही है। अब जब एक नाबालिक लड़की ने अपने उत्पीड़न से तंग आकर इस फ्लैट में जहां वह काम करती थी अपनी जान दे दी गई या उसकी जान ले ली गई पुलिस और नेताओं को अपने कर्तव्यों की याद आ रही है। प्रदेश की कानून और व्यवस्था का क्या हाल है यह किसी से छुपा नहीं है। राजधानी दून में दिनदहाड़े ज्वेलरी शोरूम में करोड़ों की लूट से लेकर हत्या और आत्महत्याओं के मामले इसकी गवाही दे रहे हैं। लेकिन अगर महिलाओं की सुरक्षा की बात करें तो स्थिति अत्यंत ही खराब है। अंकिता हत्याकांड से लेकर उत्तरकाशी के एक होमस्टे में युवती की मौत से लेकर बीते दो–चार दिन पूर्व प्रकाश में आए सहसपुर क्षेत्र में एक नाबालिक के साथ दुराचार के मामले तक तमाम घटनाएं यह बताती है कि स्थिति अत्यंत ही गंभीर हो चली है। लव जेहाद की घटनाओं को लेकर अभी बीते दिनों हमने उत्तरकाशी और चमोली में बड़े–बड़े जन आंदोलनों को देखा था। उत्तरकाशी और पुरोला के लोग शासन प्रशासन के खिलाफ सड़कों पर उतर आए थे। लेकिन राज्य में महिलाओं और लड़कियों के उत्पीड़न तथा हिंसा और हत्या तथा आत्महत्याओं के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। जो सूबे की कानून व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े करते हैं। तमाम कानून और दावों के बीच हालात बिगड़ते ही जा रहे हैं। पुलिस प्रशासन और सरकार ऐसी घटनाओं को रोकने में नाकाम साबित हो रही है। जिसे धामी सरकार को गंभीरता से चिंतन करने की जरूरत है तथा इस तरह के अपराधों को अंजाम देने वालों पर सख्त कार्रवाई किए जाने की जरूरत है।

# टिहरी पुलिस ने चलाया गया ‘ऑपरेशन मुक्ति’ अभियान

टिहरी। टिहरी पुलिस द्वारा बच्चों के कल्याणार्थ हेतु भिक्षा नहीं शिक्षा दे मुहिम के तहत आज से 31 मार्च तक ऑपरेशन मुक्ति चलाया। आज यहां पुलिस महानिदेशक, द्वारा राज्य में भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों के कल्याणार्थ हेतु भिक्षा नही शिक्षा दें मुहिम के तहत 01 मार्च 2024 से 31 मार्च 2024 तक एक माह का




“ऑपरेशन मुक्ति” अभियान चलाया जा रहा है। जिसके परिपेक्ष में आज जेआर जोशी अपर पुलिस अधीक्षक जनपद टिहरी गढ़वाल के निर्देशन में पुलिस कार्यालय टिहरी गढवाल में विभिन्न विभागों , स्वास्थ्य विभाग जनपद टिहरी गढ़वाल, (बाल कल्याण समिति, श्रम विभाग, चाइल्ड लाइन, अभियोजन विभाग,जेजे बोर्ड व जनपद की ए एच टी यू टीम के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान जनपद में भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों को भिक्षावृत्ति से मुक्त करवाने एवं उन्हें विद्यालय में दाखिला दिलाने के सम्बन्ध में चर्चा की गई। इस दौरान, अपर पुलिस अधीक्षक जनपद टिहरी गढ़वाल द्वारा ऑपरेशन मुक्ति टीम को दो चरणों में सम्पन्न होने वाले अभियान ‘ऑपरेशन मुक्ति’ हेतु उपरोक्त विभागों व एनजीओ के साथ समन्वय स्थापित करते हुए उक्त अभियान को सकुशल चलाने हेतु निर्देशित किया गया।

**स्वायुधः पवते देव इन्दुरशस्तिहा वृजनं रक्षमाणः।**
**पिता देवानां जनिता सुदक्षो विष्टम्भो दिवो धरुणः पृथिव्याः॥**

(ऋग्वेद ९-८७-२)

हे परमात्मा ! आप सभी के रक्षक हैं। आप समस्त सृष्टि को धारण करते हैं। आप राक्षसों के लिए विनाशकारी हैं। आप प्रबुद्ध सत्यनिष्ठ लोगों के लिए पिता तुल्य हैं। आप हमें भी पवित्र कर दें।

# योगाचार्य डा. बिपिन जोशी को दिया गया संयोजक धर्म/ संस्कृति के दायित्व

संवाददाता

देहरादून। योगाचार्य डा. विपिन जोशी को 30 वर्षो से लगातार सक्रिय योगदानके लिए संयोजक धर्म/संस्कृति का दायित्व सौपा गया।

आज यहां धर्म और संस्कृति के लिए विगत 30 सालों से लगातार सक्रिय योगदान के लिए भाजपा द्वारा योगाचार्य डा. बिपिन जोशी को संयोजक धर्म/संस्कृति का दायित्व सौंपा गया है। आचार्य जोशी ने कहा श्री बद्री केदार की कृपा और आशीर्वाद से विश्व की सबसे बडी पार्टी भाजापा द्वारा उनका चयन विगत 30 सालों से लगातार धर्म और संस्कृति के लिए समर्पण और योगदान के लिए दायित्व दिया गया है।

विधिवत भाजपा महानगर कार्यलय में दायित्व ग्रहण करते हुए कहा उनका



प्रयास देवभूमि उत्तराखंड के अध्यात्म, योग, संस्कृति और संस्कारों को विश्व पटल पर और सही तरीके से प्रस्तुत करने के साथ साथ सनातन धर्म के चहुंमुखी विकास के साथ ही देवभूमि उत्तराखंड की संस्कृति संस्कारों को जन जन तक पहुंचाने का रहेगा। वह केंद्रीय नेतृत्व, राज्य नेतृत्व और महानगर अध्यक्ष भाजपा सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल का आभार और धन्यवाद व्यक्त करते हैं। इस अवसर पर निवर्तमान मेयर सुनील उनियाल गामा, पार्टी के पदाधिकारी, दायित्वधारी और सभी प्रकोष्टों के संयोजन, सह संयोजक आदि मौजूद रहे।

# खाली के सेवानिवृत्त होने पर दी विदाई



संवाददाता

देहरादून। अपर निदेशक (प्रा. शि. ) एवं निदेशक संस्कृत शिक्षा शिव प्रसाद खाली के सेवानिवृत्त होने पर उनको बिदाई दी गयी।

आज यहां अपन निदेकश(प्रा. शि.) एवं निदेशक संस्कृत शिक्षा शिव प्रसाद खाली के सेवानिवृत्त के अवसर पर शिक्षा निदेशालय में उनके सम्मान में बिदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता निदेश अकादमिक एवं शोध श्रीमती वन्दना गर्ब्याल द्वारा की गयी। खाली की 38 वर्षो की विभागीय सेवाओ के बारे में शिक्षा विभाग के सभी अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया। खाली एक कुशल प्रशासक एवं लोकप्रिय अधिकारी रहे हैं। संस्कृत शिक्षा के प्रचार प्रसार एवं उन्नयन हेतु उनके द्वारा उत्कृष्ट कार्य किये गये है। इस अवसर पर शिक्षा निदेशालय के सभी अधिकारी कर्मचारी ए वं शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में महावीर सिंह बिष्ट, आर के उनियाल, आर एस रावत, यूडी चमोला, पदमेन्द्र सकलानी, आरएल आर्य, श्रीमती कमला बडवाल, वीरेन्द्र कृषाली, राजे सिंह नेगी, संजय बिजल्वाण, अनिल नौटियाल, आर सी शर्मा, दिनेश डोबरियाल, गिरीश, अम्बिका गैरोला, धनंजय उनियाल आदि उपस्थित थे।

# सीबीआई अधिकारी बन ठगे पौने चार लाख रूपये

संवाददाता

देहरादून। सीबीआई अधिकारी बताकर तीन लाख 88 हजार रूपये की ठगी करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बद्री केदार एन्क्लेव निवासी मानसी बिष्ट ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि 19 फरवरी को उसके फोन पर कॉल आयी उसने खुद को मुम्बई पुलिस से बताया और कहा कि उसका नाम मनी लान्ड्रिग के में लिप्त है और उसके नाम के आईडी कार्ड वहां पाए गये हैं। फिर उन्होंने उसको व्हटसएप विडियो कॉल प र उसकी एक व्यक्ति से बात करायी जिसने खुद को सीबीआई अधिकारी बताया वे वर्दी में था।

उन्होंने उसको जेल में डालने की धमकी देकर उसको अपना बैंक एकाउंट आरबीआई चैक कराने को कहा। उन्होंने उसके बैंक एकाउंट नम्बर से उनके बैंक एकाउंट नम्बर में रकम ट्रांसफर कराए।

उन्होंने उससे दो ट्रासैक्शन कराकर उससे तीन लाख 88 हजार 362 रूपये सीबीआई व मुम्बई पुलिस अधिकारी बनकर ठग लिये हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

दून वैली मेल
सांध्य दैनिक

**देहरादून के प्रकाशन के संबंध में सूचना**

फार्म-4

(नियम 8 देखिये)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रकाशन स्थान | : | देहरादून (उत्तराखण्ड) |
| 2. | प्रकाशन अवधि | : | दैनिक (सांध्य) |
| 3. | मुद्रक का नाम | : | श्रीमती पुष्पा कांति कुमार |
| | क्या भारत का नागरिक है | : | हां |
| | (यदि विदेशी है तो मूल देश) | : | X X X |
| | पता | : | सांई छाया, जोहड़ी जाखन रोड पोओ. सिनौला, देहरादून उत्तराखण्ड |
| 4. | प्रकाशक का नाम | : | श्रीमती पुष्पा कांति कुमार |
| | (क्या भारत का नागरिक है) | : | हां |
| | यदि विदेशी है तो मूल देश | : | X X X |
| | पता | : | सांई छाया, जोहड़ी जाखन रोड पोओ. सिनौला, देहरादून उत्तराखण्ड |
| 5. | सम्पादक का नाम | : | श्रीमती पुष्पा कांति कुमार |
| | क्या भारत के नागरिक है | : | हां |
| | यदि विदेशी हैं तो मूल देश | : | X X X |
| | पता | : | सांई छाया, जोहड़ी जाखन रोड पोओ. सिनौला, देहरादून उत्तराखण्ड |
| 6. | उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हों तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हों। | : | श्रीमती पुष्पा कांति कुमार, सांई छाया, जोहड़ी जाखन रोड पोओ. सिनौला, देहरादून उत्तराखण्ड |

मैं श्रीमती पुष्पा कांति कुमार एतद्द्वारा घोषित करती हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिये गये विवरण सत्य है।

**ह/- पुष्पा कांति कुमार**
दिनांक 01 मार्च, 2024 **प्रकाशक**

# योद्धा का गाना जिंदगी तेरे नाम हुआ रिलीज, सिद्धार्थ-राशि की केमिस्ट्री ने लूटी महफिल

करण जौहर की एक्शन थ्रिलर योद्धा सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। फिल्म के टीजर में सिद्धार्थ मल्होत्रा का एक्शन तो आपने देखा होगा, अब फिल्म के पहले गाने में उनका रोमांस दिखाई दिया है। सिद्धार्थ मल्होत्रा, योद्धा में साउथ एक्ट्रेस राशि खन्ना के साथ इश्क फरमाते हुए नजर आएंगे। अब फिल्म के पहले गाने में इसकी झलक भी दिखाई दी। फिल्म का गाना जिंदगी तेरे नाम रिलीज हो गया है। करण जौहर निर्देशित योद्धा का गाना जिंदगी तेरे नाम रिलीज के बाद से छा गया है। इस गाने में सिद्धार्थ मल्होत्रा और राशि खन्ना की खूबसूरत केमिस्ट्री को दिखाया गया है। एक-दूसरे को छेड़ने से शरारत करने और रोमांस तक, पहली बार पर्दे पर साथ नजर आने वाले राशि और सिद्धार्थ की केमिस्ट्री फैंस का दिल जीत रही है। घंटे भर में गाने को लाखों लोगों ने सुन लिया है और कमेंट बॉक्स में तारीफों की बाढ़ आ गई है।

गाने को सुन यह कहना गलत नहीं होगा कि यह साल 2024 के बेहतरीन रोमांटिक गानों में से एक है। इसे विशाल मिश्रा ने गाया है। उन्होंने इस गाने को कंपोज भी किया है। लिरिक्स विशाल और कौशल किशोर ने मिलकर लिखी है।

सिद्धार्थ मल्होत्रा स्टारर योद्धा का इंतजार लंबे समय से किया जा रहा है। इस फिल्म में एक बार फिर सिद्धार्थ आर्मी ऑफिसर के किरदार में दिखाई देंगे। उनके साथ लीड रोल में राशि खन्ना और दिशा पाटनी दिखाई देंगी। फिल्म का निर्देशन पुष्कर ओझा और सागर आम्ब्रे ने किया है। करण जौहर फिल्म के प्रोड्यूसर हैं।यह मूवी 15 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म का टीजर कुछ दिन पहले रिलीज हुआ था। अब इंतजार ट्रेलर का है।

# एक्शन फॉर्म में लौटे नेचुरल स्टार नानी, सारिपोधा सनिवारम से फर्स्ट लुक आउट

साउथ सुपरस्टार नानी दशहरा और हाय नन्ना की जबरदस्त सफलता के बाद अब फिर से बड़े पर्दे पर अपनी एक्शन से भरी जबरदस्त अपकमिंग फिल्म सारिपोधा सानिवारम के साथ धमाल मचाने के लिए तैयार हैं. नानी के बर्थडे पर अपकमिंग फिल्म की पहली झलक सामने आ गई है. फर्स्ट लुक पोस्टर और टीजर में नानी जबरदस्त अंदाज में नजर आ रहे हैं.

बता दें कि सारिपोधा सानिवारम की टीजर में साउथ सुपरस्टार नानी एंग्री यंग मैन के रूप में मारधाड़ से भरे जबरदस्त सीन्स करते नजर आ रहे हैं. विवेक अथरेया द्वारा निर्देशित पैन-इंडिया फिल्म में नेचुरल स्टार के साथ ही साउथ एक्टर एसजे सूर्या भी लीड रोल में हैं. नानी के बर्थडे पर फिल्म मेकर ने उनके फैंस को बड़ा सरप्राइज दिया है. टीजर में नानी एक एंग्री यंग मैन के रूप में सुपर एक्शन करते तो एसजे सूर्या फिल्म में पुलिस की भूमिका निभाते हैं नजर आएंगे.

बता दें कि टीजर को डीवीवी मूवीज के ऑफिशियल हैंडल पर शेयर कर कैप्शन में लिखा जन्मदिन मुबारक हो भाई नानी. यहां सभी के लिए हमारी ओर से गिफ्ट है. सामूहिक उपहार है... सारिपोधा सानिवारम की झलक देखें. सारिपोधा सनिवारम का निर्माण डीवीवी दानय्या और डीवीवी एंटरटेनमेंट के कल्याण दासारी द्वारा किया गया है. फिल्म में नानी के साथ प्रियंका अरुल मोहन लीड रोल में हैं. विवेक अत्रेय द्वारा निर्देशित सारिपोधा सानिवारम तेलुगू, तमिल, कन्नड़, मलयालम और हिंदी भाषाओं में 29 अगस्त 2024 को रिलीज होगी.

# ममूटी की फिल्म ब्रमायुगम ने वैश्विक स्तर पर 50 करोड़ का आंकड़ा किया पार

ममूटी जो अनूठे विषयों के साथ विभिन्न शैलियों की कोशिश कर रहे हैं, उन्होंने एक बार फिर अपनी नवीनतम हॉरर थ्रिलर ब्रमायुगम के साथ प्रस्तुति दी है। यह फिल्म 15 फरवरी को रिलीज हुई थी, जिसने दर्शकों को अपने रोमांचकारी कथानक से मंत्रमुग्ध कर दिया। फिल्म ने 10वें दिन वैश्विक स्तर पर 50 करोड़ रुपये के क्लब में प्रवेश किया। आलोचकों और दर्शकों से आलोचनात्मक प्रशंसा प्राप्त करते हुए, राहुल सदासिवन का निर्देशन डरावनी शैली में एक सफल और रोमांचक योगदान साबित हुआ है। ब्रमायुगम को मलयालम फिल्म उद्योग के सबसे अनोखे सिनेमाई अनुभवों में से एक माना गया है। भूतकालम फेम निर्देशक राहुल सदासिवन द्वारा निर्देशित यह परियोजना अब 2024 में मलयालम सिनेमा की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में से एक बनकर उभरी है। हाल ही में, ब्रमायुगम के निर्माताओं ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर पुष्टि की कि ममूटी स्टारर ने फिल्म में प्रवेश कर लिया है। रु. मलयालम सिनेमा का 50 करोड़ क्लब. श्वेत-श्याम फिल्म एक रोमांचक सिनेमाई अनुभव का वादा करती है, जिसमें मुख्य भूमिका में ममूटी हैं, जिन्हें अर्जुन अशोकन, सिद्धार्थ भारतन और अमाल्डा लिज़ का समर्थन प्राप्त है। यह 15 फरवरी, 2024 को मलयालम में और 23 फरवरी को तेलुगु में सिनेमाघरों में रिलीज हुई।

फिल्म का निर्माण नाइट शिफ्ट स्टूडियो और वाई नॉट स्टूडियो बैनर के तहत चक्रवर्ती रामचंद्र और एस. शशिकांत द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है। नाइट शिफ्ट स्टूडियोज़ रोमांचकारी हॉरर थ्रिलर बनाने में माहिर है, जो ब्रमायुगम के आसपास की साज़िश को बढ़ाता है। (आरएनएस)

# श्री टपकेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र श्री टपकेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रह है। महंत किशन गिरी एवं दिगंबर भरत गिरी जी की संयुक्त अध्यक्षता में महाशिवरात्रि को लेकर बैठक टपकेश्वर मंदिर में हुई। बैठक में मेले से संबंधित सरकारी विभागीय अधिकारी भी मौजूद रहे।



बैठक में महंत किशन गिरी ने महाशिवरात्रि पर्व पर मंदिर एवं श्री टपकेश्वर महादेव सेवा दल द्वारा की जा रही व्यवस्था की जानकारी दी। मंदिर परिसर में हर तरफ सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगा दिए गए है। पुलिस विभाग ने मंदिर समिति को आश्वासन दिया कि महाशिवरात्रि में श्रद्धालुओं को समस्या न हो इसके लिए पुलिस अपना पूर्ण सहियोग मंदिर समिति को देगी। साथ ही वीआईपी गेट भी अलग बनाया जाएगा। महंत किशन गिरी ने जानकारी दी कि मेले में एम्बुलेंस और डॉक्टर की टीम को दवाइयों के साथ तैनात किया जायेगा।

छावनी परिषद के सेनेटरी इंस्पेक्टर नरेंद्र कुमार एवं कनिष्ठ अभियंता नवनीत क्षेत्री ने जानकारी दी कि महाशिवरात्रि पर सफाई व्यवस्ता के लिए कर्मचारियों की तैनाती की जाएगी साथ ही मेला क्षेत्र में दवाइयों का स्प्रे भी लगातार किया जाता रहेगा, साथ ही छावनी परिषद द्वारा रोड लाइट एवं पेयजल व्यवस्था के लिए सभी व्यवस्था की जाएगी।

महंत किशन गिरी ने कहा मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को कोई परेशानी का सामना ना करना पड़े इसके लिए मंदिर द्वारा सभी व्यवस्थाएं की जा रही है तथा महाशिवरात्रि वाले दिन श्री टपकेश्वर महादेव सेवा दल के वॉलिंटियर्स लोगों की मदद के लिए मौजूद रहेंगे। बैठक में विद्युत विभाग के कनिष्ट अभियंता योगेश पांडे ने भी महाशिवरात्रि से पूर्व सभी तयारिया पूर्ण करने का आश्वासन दिया।

बैठक में टपकेश्वर सेवादल के अध्यक्ष गोपाल गुप्ता, महासचिव महेश खंडेलवाल, देवेंद्र पाल सिंह, उमेश रावत, आशीष गुप्ता, डी के शर्मा मौजूद रहे।

# ब्लैक स्टोन कम्पनी का कर्मचारी बनकर ठगे 95 हजार रुपये

संवाददाता

देहरादून। ब्लैक स्टोन कम्पनी का कर्मचारी बनकर 95 हजार 700 रूपये की ठगी के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार ओम विहार माता मन्दिर रोड निवासी रोहित वर्मा ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके मोबाइल पर अज्ञात मोबाइल नम्बर से व्हाटसअप मैसेज आया ,जिसने स्वंय को ब्लैक स्टोन कम्पनी के कर्मचारी बताकर ऑनलाईन जॉब वर्क फ्रोम होम का प्रस्ताव देकर उसको कुछ टास्क दिये गये थे जिसमे सस्क्राईब व लाईक करने के तीन टास्क पर 150 रूपये रेटिंग की जा रही थी । टास्क को पूरा करने के नाम पर उन्होने उसके पीएनबी खाते 66,900 रूपये व इण्डियन बैंक खाते से 23800 रूपये व 5000 रूपये निकाल लिये।

# रेलवे स्टेशन के पास से स्कूटी चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने रेलवे स्टेशन के पास से स्कूटी चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस लाईन निवासी सोनी हिन्दवाल ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह किसी काम से रेलवे स्टेशन आयी थी तथा उसने अपनी स्कूटी रेलवे स्टेशन के पास खडी कर दी थी। लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आयी तो उसने देखा कि उसकी स्कूटी अपने स्थान से गायब थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# डाक्टर के यहां ऑनलाईन नम्बर लिखाने पर गंवाये दो लाख रुपये

संवाददाता

देहरादून। डाक्टर यहां ऑनलाइन नम्बर लिखाने के चक्कर में दो लाख रूपये गंवाने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अजबपुर डांडा निवासी निधि पैन्यूली ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसको अपने बेटे को जोहरी डाक्टर को दिखाना था जिस कारण अपाइन्टमेंट लेने हेतु गूगल में जोहरी हॉस्पिटल का नम्बर सर्च किया तो 20 फरवरी 2024 को उसको गूगल में नम्बर मिला जिसमें बात करने पर उसने स्वंय को जोहरी हॉस्पिटल का कर्मचारी बताया और कहा कि व्हटसेप पर उसको लिंक भेजेगा। उक्त लिंक में जैसे ही उसने क्लिक किया तो 22 फरवरी 2024 और 23 फरवरी 2024 को चार बारी में उसके सैन्ट्रल बैक ऑफ इण्डिया के अकाउन्ट से कुल 199999 रुपए ऑन्लाइन कट गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# सीआरपीएफ का अधिकारी बनकर ठगे 70 हजार रुपये

संवाददाता

देहरादून। सीआरपीएफ का अधिकारी बनकर फर्नीचर भेजने के नाम पर 70 हजार रूपये की ठगी करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दून विश्वविद्यालय रोड निवासी महेन्द्र प्रताप सिंह ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि 24 फरवरी 2024 को उसके मोबाईल नम्बर पर एक अज्ञात मोबाईल नम्बर से व्हट्सएप्प कॉल प्राप्त हुयी जिसने अपना परिचय देते हुए स्वयं का नाम आशीष कुमार बताया व स्वयं को सीआरपीएफ में अधिकारी बताया। उसने उसके परिचित का हवाला देते हुए कहा कि उनके कहने पर वह उसके लिए फर्नीचर भिजवा रहा है जिसके लिये उसको 70 हजार रूपये का एडवांस पेमेण्ट करना होगा इसके बाद उसका फनीचर उसके घर भिजवा रहा है। उसके द्वारा फर्नीचर पैक करने के फोटो भी उसको भेज गये। उसने व्हट्सएप्प पर उसके मोबाईल नम्बर को चैक किया तो सीआरपीएफ की वर्दी पहने एक व्यक्ति दिखायी दिया। इसके बाद उसने उसके बताये अनुसार अपने पेटीएम एकाउण्ट से उसके द्वारा बताये नम्बर पर 70 हजार रूपये भेज दिये। इसके बाद उसने अपने परिचित को फोन किया तो उसने बताया कि उसने किसी से उसके फर्नीचर के लिये बात नहीं की है, तब उसको यकीन हो गया कि किसी साईबर ठग ने स्वयं को सीआरपीएफ का अधिकारी बताकर उसको फर्नीचर भिजवाने का प्रलोभन देकर उसके साथ 70 हजार रूपये की साईबर ठगी की गई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# बॉयफ्रेंड जीन्स : आरामदायक व स्टाइलिश



इन दिनों फैशन वर्ल्ड में बॉयफ्रेंड जीन्स का काफी क्रेज देखने को मिल रहा है। इंटरनेशनल सेलेब्रिटीज से लेकर बॉलीवुड तक ये डेनिम महिलाओं की पहली पसंद बनी हुई है। इतना ही नहीं, फैशन के जानकारों का मानना है कि यह स्टाइल लंबे समय तक लोकप्रिय रहने वाली है। वहीं, इसके नाम के चलते कुछ लोगों को यह भी संदेह हो सकता है कि यह जीन्स पुरुषों के लिए होती है। जबकि ऐसा जरूरी नहीं है। अपने नाम से बिल्कुल उलट बॉयफ्रेंड जीन्स का क्रेज महिलाओं में अधिक देखने को मिल रहा है। तो आइये जानते हैं कि आखिर है यह बॉयफ्रेंड जीन्स क्या है और इसकी शुरुआत कैसे हुई।

बॉयफ्रेंड जीन्स क्या है

बॉयफ्रेंड जीन्स का क्रेज इन दिनों महिलाओं में खूब देखने को मिल रहा है। यह डेनिम की एक वैरायटी है, जो महिलाओं को पहनने में बेहद आरामदायक महसूस करवाने के साथ-साथ स्टाइलिश भी दिखाते हैं। इनकी कुछ विशेषताएं हैं, जिसकी वजह से यह दूसरी जीन्स से काफी अलग नजर आते हैं। कुछ लोगों का मानना है कि महिलाएं अपने पुरुष साथियों की जीन्स पहना करती थीं क्योंकि यह काफी आरामदायक हुआ करते थे। इसी को ध्यान में रखते हुए कम्पनियों ने खासतौर से महिलाओं के लिए ऐसी जीन्स डिजाइन की, जो कम्फर्टेबल और स्टाइलिश हों।

बॉयफ्रेंड जीन्स का इतिहास

सोशल मीडिया पर बॉयफ्रेंड जीन्स का क्रेज देखकर आपको ऐसा लगता होगा कि यह कुछ नया है। जबकि अमेरिकन एक्ट्रेस, सिंगर और मॉडल मर्लिन मुनरो ने सालों पहले ही इसकी शुरुआत कर दी थी। हालांकि, तब उन्होंने इसे बॉयफ्रेंड जीन्स नहीं कहा, लेकिन डेनिम लवर्स के लिए यह आरामदायक जीन्स 1960 में भी पहली पसंद बन गई थी।

हालांकि, बॉयफ्रेंड जीन्स वास्तव में 2000 के दशक में फोकस में आई जब केटी होम्स, जो तब टॉम क्रूज़ की पत्नी थीं, वे न्यूयॉर्क शहर में आउटिंग के दौरान उनकी जींस पहनकर निकला करती थीं। पपराज़ी अक्सर उन्हें स्लिम फिट बॉडी पर बैगी जीन्स कैरी किए हुए कैप्चर करते थे। इस तरह धीरे-धीरे डेनिम ब्रांड्स को एहसास हुआ कि महिलाओं की रुचि लूज, आरामदायक डेनिम में है, जिसके बाद उन्होंने खासतौर से महिलाओं के लिए बॉयफ्रेंड जीन्स बनाने की शुरुआत की।

बॉयफ्रेंड जीन्स के फायदे

1 रेगुलर जीन्स की तुलना में बॉयफ्रेंड जीन्स पैर और जांघों पर अधिक आरामदायक होती है।

2 भागदौड़ करने या घूमने-फिरने के लिए बॉयफ्रेंड जीन्स एक बढ़िया विकल्प है।

3 ट्रैवल करते हुए पैरों को मोड़ने में आसानी होती है।

4 फॉरएवर फैशनेबल।

5 छोटी हाइट के लिए बेहतर विकल्प। (आरएनएस)


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# बालों की ग्रोथ को करना है फास्ट, तो अपनाएं ये नेचुरल तरीके



अगर आप भी चाहते हैं कि आपके बाल लंबे और हेल्दी हों, तो केवल शैम्पू और सीरम काफी नहीं है। बालों की उचित देखभाल के लिए आपको स्वस्थ जीवनशैली और जड़ी-बूटियों जैसे प्राकृतिक उपचारों की भी जरूरत है। ये जड़ी-बूटियां अपने गुणों के लिए जानी जाती हैं, जो हेयर ग्रोथ प्रमोट करती हैं, स्कैल्प हेल्थ में सुधार करती हैं और बालों के रोम को मजबूत करती हैं। इसी से संबंधित यहां कुछ शक्तिशाली और नेचुरल ट्रीटमेंट्स दिए गए हैं, तो आइये जानते हैं इनके बारे में।

बालों की नेचुरल ग्रोथ के लिए क्या करें?

आंवला

बालों को पोषण देने वाले गुणों के कारण आंवला को आयुर्वेद में रामबाण माना जाता है। विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर, यह बालों के रोम को मजबूत करता है, बालों के विकास को बढ़ावा देता है और समय से पहले इन्हें सफेद होने से भी रोकता है। बालों के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए आंवले का इस्तेमाल तेल, पाउडर या चाय के रूप में भी कर सकते हैं।

भृंगराज

बालों के लिए जड़ी-बूटियों का राजा के रूप में जाना जाने वाला भृंगराज का तेल या पाउडर हेयर ग्रोथ के लिए सबसे बेहतरीन विकल्प है, साथ ही यह बालों को झड़ने से भी रोकता है। इसके अलावा भृंगराज स्कैल्प को पोषण देता है, ब्लड सर्कुलेशन में सुधार करता है, जिससे स्वस्थ और तेजी से बालों के विकास को बढ़ावा मिलता है।

मेथी

मेथी के बीज प्रोटीन और निकोटिनिक एसिड से भरपूर होते हैं, जो बालों के विकास के लिए फायदेमंद होते हैं। वे बालों के रोम को मजबूत करते हैं, टूटने से रोकते हैं और बालों में चमक लाते हैं। मेथी के बीजों को रात भर भिगोकर इसका पेस्ट बना लें और बालों को धोते समय इस्तेमाल में ले।



एलोवेरा

एलोवेरा जेल को सीधे स्कैल्प पर लगाने से पीएच लेवल को संतुलित किया जा सकता है। इससे स्कैल्प की ड्राइनेस को कम करके और बालों के रोम को पोषण देकर स्वस्थ बालों के विकास को बढ़ावा मिलता है। एलोवेरा एक नेचुरल कंडीशनर के रूप में भी काम करता है, जिससे बालों की बनावट में सुधार होता है।

हिबिस्कस/ गुड़हल

गुड़हल के फूल और पत्तियां विटामिन और अमीनो एसिड से भरपूर होती हैं जो बालों को पोषण में कारगर है और इससे हेयर ग्रोथ को भी बढ़ावा मिलता है। इतना ही नहीं गुड़हल बालों के झड़ने को भी रोकते हैं। इसके प्राकृतिक कंडीशनिंग गुण बालों को मुलायम बनाते हैं। बालों के तेजी से विकास को प्रोत्साहित करने के लिए हिबिस्कस का हेयर मास्क या तेल इस्तेमाल कर सकते हैं। (आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य -89

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | ■ | 3 | | 4 | 5 |
| | ■ | | ■ | ■ | ■ | ■ | 6 | |
| ■ | 7 | | 8 | ■ | 9 | | | |
| ■ | ■ | 10 | | 11 | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | ■ | ■ | 13 | | | ■ | 14 | 15 |
| 16 | 17 | ■ | ■ | | ■ | 18 | | |
| 19 | | 20 | | | ■ | | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | 21 | | | |
| ■ | 22 | | | | | ■ | ■ | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 88 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | द्दो | जे | ह | द | ■ | स | पू | त |
| ल | ■ | ब | ल | वा | न | ■ | ■ | द |
| म | ह | क | ■ | खा | म | खां | ■ | बी |
| ग्न | ■ | त | ल | ना | ■ | स | फ | र |
| ■ | म | रा | ■ | ■ | ■ | ना | टा | ■ |
| ■ | हि | ■ | स | ■ | ■ | ■ | फ | न |
| ■ | ला | ज | वा | ब | ■ | म | ट | र |
| मां | ■ | ग | ■ | सं | त | ति | ■ | भ |
| ■ | मा | त | ह | त | ■ | ■ | प | क्षी |



# केट शर्मा ने रेड आउटफिट में दिए सेक्सी पोज

टेलीविजन अदाकारा केट शर्मा सोशल मीडिया पर खासी एक्टिव रहती हैं, अपनी सिजलिंग पोस्ट से वे फैंस का दिल अक्सर अपने नाम करती रहती हैं. हाल ही में एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर बेदह सेक्सी तस्वीरें शेयर की हैं, जिसे देखने के बाद आपका दिल धक-धक करने लग जाएगा. केट शर्मा ने रेड कलर का थाई-हाई स्लिट आउटफिट पहना है. लाइट मेकअप के साथ बाल खुले छोड़े हैं और कैमरे के सामने एक से बढ?र एक सेक्सी पोद देते दिखाई दे रही हैं. एक्ट्रेस की कातिलाना अदाओं ने जैसे यूजर्स पर जादू कर दिया है और वे तारीफ करते नहीं थक रहे हैं.

केट शर्मा इन वायरल हो रही तस्वीरों में बेहद प्यारी लग रही हैं। उनकी इन फोटोज को फैंस खूब शेयर कर रहे है और जमकर कमेंट्स भी कर रहे हैं।

केट शर्मा इस तस्वीर में क्यूट सा पोज देती हुई नजर आ रही है, जिसे देखने के बाद फैंस अपना दिल हार बैठे है।

केट शर्मा की ये कातिलाना अदाएं लोगों को अपना दीवाना बना रही हैं। उनकी इस तस्वीर पर फैंस दिल वाले इमोजी भेज रहे है।

केट शर्मा अक्सर इंस्टाग्राम पर फैंस के लिए अपने फैंस के लिए बोल्ड तस्वीरें और वीडियोज शेयर करती रहती है।

# दुनिया भर में शाहिद की फिल्म ने की 117.96 करोड़ की कमाई

शाहिद कपूर और कृति सेनन स्टारर फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया वैलेंटाइन डे वीक में यानी 9 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। रिलीज के बाद यह फिल्म ठीक-ठाक प्रदर्शन कर रही है। फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स से भी मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली। वर्ल्डवाइड इस फिल्म ने 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है।

शाहिद कपूर और कृति सेनन स्टारर यह फिल्म रोबोटिक ड्रामा लव स्टोरी है। इस मूवी ने देशभर में शानदार ओपनिंग की और दुनियाभर में अभी तक अच्छा खासा बिजनेस किया। तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया अब जल्द 150 करोड़ के क्लब में शामिल होने वाली है। ताजा आंकड़ों के अनुसार, तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया ने अभी तक दुनियाभर में 117.96 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है।

वहीं, फिल्म के घरेलू बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें, तो फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया की कमाई हर दिन के साथ घटती जा रही है। डोमेस्टिक बिजनेस में इस फिल्म ने अभी तक घरेलू बॉक्स ऑफिस पर नेट कमाई 66.00 तक कर ली है। वहीं इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर इंडिया में टोटल ग्रॉस कलेक्शन 75 करोड़ तक का हो गया है। 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' में शाहिद कपूर और कृति सेनन के अलावा डिंपल कपाडिया, धर्मेंद्र और राकेश बेदी भी मुख्य किरदार में नजर आ रहे हैं। इस फिल्म की राइटिंग और डायरेक्शन अमित जोशी और आराधना साह ने की है।

# सिद्धार्थ मल्होत्रा और वरुण धवन मचाएंगे देसी बॉयज 2 में धमाल



बॉलीवुड में इस साल कई शानदार फिल्मों के सीक्वल आने वाले हैं, जिनका प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।बीते दिनों अक्षय कुमार और जॉन अब्राहम की फिल्म देसी बॉयज के सीक्वल से जुड़ी खबर सामने आई थी।कहा जा रहा था कि फिल्म नए कलाकारों के साथ बनेगी तो बाद में टाइगर श्रॉफ और वरुण धवन के सीक्वल में आने की खबरें आईं।हालांकि, अब टाइगर का फिल्म से पत्ता कट गया है और वरुण इसमें बरकरार हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, देसी बॉयज 2 के लिए वरुण और टाइगर से संपर्क किया गया था, लेकिन अब सिद्धार्थ मल्होत्रा ने टाइगर की जगह ले ली। टाइगर के फिल्म छोडने की वजह सामने नहीं आई है।इसके अलावा पहले भाग का निर्देशन रोहित धवन ने किया था तो अब सीक्वल की कमान लक्ष्य आनंद के पास है।फिल्म अटैक का निर्देशन कर चुके लक्ष्य से इस बारे में बात की गई तो उन्होंने कुछ भी कहने से इनकार किया।

रिपोर्ट में कहा गया है कि देसी बॉयज 2 की कहानी का पहले भाग से कोई लेना-देना नहीं होगा और यह एकदम अलग होने वाली है।इसके अलावा फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने के लिए अनन्या पांडे का नाम सामने आ रहा है, लेकिन इस बारे में कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।कहा जा रहा है कि आनंद पंडित मोशन पिक्चर, इरोज इंटरनेशनल और पराग सांघवी ने फिल्म के सह-निर्माता के रूप में हाथ मिलाया है।

वरुण और सिद्धार्थ ने 2012 में करण जौहर की फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर से फिल्मी दुनिया में कदम रखा था। इस फिल्म से ही आलिया भट्ट ने भी अपनी शुरुआत की थी और दर्शकों को तीनों की तिकड़ी काफी पसंद आई थी।अब देसी बॉयज 2 के साथ वरुण और सिद्धार्थ दूसरे बार किसी फिल्म के साथ आने वाले हैं, जिन्हें पर्दे पर देखना काफी दिलचस्प होगा।हालांकि, अभी अभिनेताओं या निर्माताओं की ओर से घोषणा नहीं हुई है।

रोमांस और कॉमेडी से भरपूर देसी बॉयज 2011 में आई थी, जिसमें अक्षय और जॉन को काफी पसंद किया गया था। फिल्म में जॉन की जोड़ी दीपिका पादुकोण के साथ तो अक्षय की चित्रांगदा सिंह के साथ बनी थी।फिल्म की कहानी 2 ऐसे युवकों की थी, जो अपनी नौकरी खो देते हैं और फिर पैसे कमाने के लिए स्ट्रिपर के रूप में काम करते हैं।40 करोड़ रुपये की कमाई के साथ फिल्म का प्रदर्शन ठीक-ठाक रहा था।

रोहित शेट्टी 15 अगस्त को अपनी फिल्म सिंघम अगेन लेकर आ रहे हैं तो अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 भी उसी दिन रिलीज होगी। इसके अलावा हेरा फेरी 3, भूल भुलैया 3, वेलकम टू द जंगल, आशिकी 3 और स्त्री 2 भी कतार में हैं।

# सारा की फिल्म ऐ वतन मेरे वतन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी


प्राइम वीडियो ने विश्व रेडियो दिवस के मौके पर अपनी आगामी ऑरिजिनल मूवी ऐ वतन मेरे वतन के प्रीमियर के तारीख की घोषणा की। एक मोशन पिक्चर के साथ तारीख का खुलासा किया गया, जिसमें उषा का किरदार निभा रही मुख्य अदाकारा सारा अली ख़ान की आवाज़ सुनाई देती है। वह रेडियो के माध्यम से पूरे उत्साह के साथ देश को ब्रिटिश राज के खिलाफ एकजुट होने का आग्रह कर रही हैं।

कन्नन अय्यर के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म की कहानी दरब फ़ारूक़ी और अय्यर ने लिखी है, जिसमें सारा अली ख़ान के साथ सचिन खेडेकर, अभय वर्मा, स्पर्श श्रीवास्तव, एलेक्स ओ नील और आनंद तिवारी मुख्य भूमिकाओं में नज़र आने वाले हैं। वहीं इमरान हाशमी गेस्ट के रोल में दिखेंगे। धर्मा एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के बैनर तले बनी इस फिल्म को करण जौहर, अपूर्व मेहता और सोमेन मिश्रा ने प्रोड्यूस किया है।

ऐ वतन मेरे वतन एक काल्पनिक कहानी है जिसमें एक दिलेर युवती द्वारा गुपचुप तरीके से चलाए जा रहे एक रेडियो स्टेशन की बड़ी रोचक दास्तान दिखाई गई है। जिसने भारत की आज़ादी की लड़ाई की दिशा ही बदल दी। स्वतंत्रता सेनानी उषा मेहता के अद्भुत कारनामों से भर सफ़र से प्रेरित यह फिल्म आज़ादी के मशहूर और गुमनाम, दोनों नायकों के सम्मान में बनाई गई है, जो आज़ादी की लड़ाई के दौरान भारत के युवाओं की बहादुरी, देशभक्ति, बलिदान और उनके अटल इरादे को दर्शाती है।

दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर देने वाली यह ऐतिहासिक थ्रिलर-ड्रामा फिल्म 21 मार्च को प्राइम वीडियो पर हिंदी और तमिल, तेलुगु, मलयालम एवं कन्नड़ में डबिंग के साथ प्रीमियर के लिए तैयार है। फिल्म को देखने के लिए दर्शक काफी उत्साहित हैं।

# करीना, तब्बू और कृति सेनन स्टारर फिल्म द क्रू का पोस्टर हुआ रिलीज



करीना कपूर, तब्बू और कृति सेनन राजेश कृष्णन के निर्देशन में बनी फिल्म द क्रू को लेकर सुर्खियों में हैं। बीते दिनों इस फिल्म से फर्स्ट लुक वीडियो जारी कर रिलीज डेट का एलान किया गया था। वहीं, आज इसका फर्स्ट लुक पोस्टर जारी हुआ है, जिसमें करीना, कृति और तब्बू का लुक रिवील किया गया है। ये फिल्म 29 मार्च को रिलीज होगी।

कृति सेनन ने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल से फिल्म द क्रू से पहला लुक पोस्टर साझा किया है।

पोस्टर में करीना कपूर, तब्बू और कृति एयर होस्टेस के किरदार में नजर आ रही हैं। तीनों अभिनेत्रियां रेड कलर की अपनी फ्लाइट अटेंडेंट वर्दी पहने खूब जच रही हैं। कृति ने पोस्टर साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, चैक इन के लिए तैयार हो जाइए, अब द क्रू के साथ उड़ान भरने का समय है।

द क्रू फिल्म में करीना कपूर, तब्बू और कृति सेनन को एक साथ बड़े पर्दे पर देखने के लिए फैंस काफी उत्साहित हैं। इस फिल्म में तीनों अभिनेत्रियों के अलावा कपिल शर्मा और दिलजीत दोसांझ भी अहम रोल में नजर आएंगे।

कॉमेडी किंग कपिल फिल्म में कैमियो रोल में नजर आएंगे। इस फिल्म को एकता कपूर और रिया कपूर मिलकर प्रोड्यूस कर रही हैं। इससे पहले ये दोनों मिलकर फिल्म वीरे दी वेडिंग बना चुकी हैं।

द क्रू की कहानी की बात करें, तो यह फिल्म तीन महिलाओं की कहानी पर आधारित है, जिसमें एयरलाइन इंडस्ट्री के संघर्ष और कठिनाइयों को पेश करने की कोशिश है। करीना, तब्बू और करीना स्टारर फिल्म द क्रू 29 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बता दें कि, पहले निर्माता इस फिल्म को 22 मार्च को रिलीज करने की योजना बना रहे थे।

# भाजपा की उन्मुक्त भरती योजना

अजीत द्विवेदी

भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव से पहले अलग अलग पार्टियों के नेताओं के लिए रोजगार मेला लगा रखा है। उसने पार्टी के दरवाजे के दोनों पट खोल दिए हैं, खिड़कियां भी खोल दी हैं और उन्मुक्त भर्ती योजना चला रखी है। कोई भी आकर पार्टी में शामिल हो सकता है। कई बार तो दरवाजे पर दस्तक देने की भी जरुरत नहीं समझी जा रही है। अंदर आइए और भाजपा का पटका रखा हुआ है उसे गले में पहन लीजिए और भाजपा के हो जाइए। अगर दूसरी पार्टी में कोई हैसियत है तो बड़े नेताओं से मिलना पड़ रहा है और तब पटका पहनाने की जिम्मेदारी भाजपा का कोई छोटा या बड़ा नेता निभा रहा है। इसके लिए बाजाब्ता एक कमेटी बनाए जाने की खबर है, जिसमें कई नेता शामिल हैं, जो दूसरी पार्टियों के नेताओं से संपर्क कर रहे हैं। ऐसे लोगों से भी संपर्क किया जा रहा है, जो सक्रिय राजनीति में नहीं हैं, लेकिन अपने क्षेत्र में काबिले ए जिक्र काम किया है या जिनकी समाज में कुछ पहचान है। उनको भी उन्मुक्त भरती योजना के तहत पार्टी में शामिल किया जा रहा है। राजनीतिक रोजगार देने की भाजपा की यह योजना इस लोकसभा चुनाव की घोषणा तक चलती रहेगी।

इस योजना की खास बात यह है कि सरकारी नौकरियों की तरह इसमें पदों की संख्या सीमित नहीं है यानी जितने लोग आएंगे, उतने लोगों को भरती कर लिया जाएगा। जैसे कंपनियां इन दिनों इंस्टेंट कैशबैक की योजना चलाती हैं उसी तरह इंस्टेंट बेनिफिट की योजना भाजपा चला रही है। पहले सिर्फ एक बेनिफिट था कि पहले से चल रहे आपराधिक मामलों में राहत मिल जाती थी। केंद्रीय एजेंसियों की जांच धीमी पड़ जाती थी या थम जाती थी। लेकिन अब इसके साथ बेनिफिट बढ़ा दिए गए हैं। मिसाल के तौर पर कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में आते ही अशोक चव्हाण को राज्यसभा की सीट मिल गई। आदर्श हाउसिंग घोटाले की जांच में जो राहत मिलेगी वह तो मिलेगी ही लेकिन तत्काल राज्यसभा भी मिल गई। यह भरती योजना शुरू होने से पहले भाजपा में शामिल हुए आरपीएन सिंह को भी इस योजना का लाभ मिला है और वे भी राज्यसभा की सीट हासिल करने में कामयाब हो गए हैं। तीन महीने पहले कमलनाथ मध्य प्रदेश में कांग्रेस के चुनाव अभियान की कमान संभाल रहे थे और परिवारवाद व भ्रष्टाचार को लेकर माननीय प्रधानमंत्री के वार झेल रहे थे लेकिन वे भी भगवा पटका पहनने को बेकरार बताए जा रहे हैं। उनके खिलाफ सिख विरोधी दंगे चल रहे हैं। भांजे रतुल पुरी के खिलाफ तो आर्थिक अपराध के कई मामले हैं और ६६० करोड़ रुपए की घोषित संपत्ति वाले बेटे नकुलनाथ पर भी नजर है।

सवाल है कि रोजगार मेला लगा कर थोक में विपक्षी नेताओं की भरती करने का भाजपा का यह अभियान रणनीतिक रूप से कितना कारगर हो सकता है? क्या ऐसा भी हो सकता है कि यह मुक्त भरती योजना उलटी पड़ जाए? क्या इससे राहुल गांधी और कांग्रेस के प्रति लोगों के मन में सहानुभूति भी पैदा हो सकती है? अभी तक तो ऐसा लग रहा है कि भाजपा जीतता हुआ पक्ष है और उसने मुख्य विपक्षी पार्टी को तोड़ कर उसे बहुत कमजोर कर दिया है। इतना ही नहीं एक रणनीति के तहत भाजपा ने विपक्षी गठबंधन की सहयोगी पार्टियों को भी तोड़ा है। यानी गठबंधन तोड़ कर 'इंडिया' ब्लॉक के घटक दलों को एनडीए में शामिल कराया है। इससे मुख्य विपक्षी कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन दोनों बहुत कमजोर हुए हैं। लेकिन कई बार कमजोर दुश्मन ज्यादा घातक हो जाता है, खास कर चुनावी राजनीति में। कमजोर के प्रति सहानुभूति सहज होती है। इस बात को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बखूबी समझते हैं तभी दोनों अपने को हमेशा पीड़ित यानी विक्टिम के तौर पर पेश करते रहते हैं।

दस साल तक प्रधानमंत्री रहने और पूर्ण बहुमत की सरकार चलाने के बाद भी नरेंद्र मोदी यह कहने से नहीं चूकते हैं कि उनके खिलाफ क्या साजिशें चल रही हैं, उनको कैसे काम करने से रोका जा रहा है, कैसे उनकी जाति की वजह से उनके साथ भेदभाव हुआ या हो रहा है, कैसे उन्हें दो-तीन किलो गालियां रोज पड़ती हैं, आदि-आदि। लेकिन क्या प्रधानमंत्री मोदी के विक्टिम होने का नैरेटिव अब भी चल पाएगा या लोग स्वाभाविक रूप से कांग्रेस और राहुल गांधी को पीड़ित मानने लगेंगे? ध्यान रहे १० साल पहले पीड़ित पक्ष मोदी थे और अत्याचारी कांग्रेस थी, जिसने गुजरात के मुख्यमंत्री के तौर पर मोदी को कई तरह से परेशान किया था। लेकिन अब खेल पलट गया है।

ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस को कमजोर करने की धुन में भाजपा के शीर्ष नेताओं का सेंस ऑफ बैलेंस कमजोर हो गया है। यह काम संतुलित तरीके से नहीं हो रहा है। इतने प्रत्यक्ष और भोंडे तरीके से हो रहा है कि बिना समझाए लोगों को लगने लगा है कि विपक्ष को खत्म करने का प्रयास हो रहा है। तभी लोग भाजपा के सर्वशक्तिमान होने और ३७० सीटें जीतने के दावे पर भी संदेह जताने लगे हैं। भाजपा के वैचारिक रूप से सबसे अलग होने और ईमानदार होने के दावे पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं। ध्यान रहे कोई भी पार्टी वैचारिक विरोधियों को भरती करती है तो हो सकता है कि कुछ तात्कालिक फायदा हो लेकिन इससे उसकी बुनियाद कमजोर होती है।

पहले विपक्षी पार्टियां भाजपा को वाशिंग मशीन बताती थीं तो उस पर लोग ध्यान नहीं देते थे क्योंकि आर्थिक अपराध के इक्का दुक्का आरोपी नेता भाजपा में भरती हो रहे थे। दूसरे, ऐसे नेता भरती हो रहे थे, जिनको लेकर भाजपा ने कभी व्यापक और सुनियोजित अभियान नहीं चलाया था। जैसे हिमंत बिस्वा सरमा या शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ अगर भाजपा का कोई अभियान था भी तो वह असम और पश्चिम बंगाल तक ही सीमित था। लेकिन अशोक चव्हाण के खिलाफ तो अखिल भारतीय अभियान चला था। आदर्श हाउसिंग सोसायटी घोटाला कारगिल युद्ध के शहीदों के लिए बनी सोसायटी में हुआ था और भाजपा ने २०१४ में इसे बड़ा मुद्दा बनाया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र की सभा में कहा था कि उनकी सरकार बनने के छह महीने के भीतर अशोक चव्हाण जेल में होंगे। लेकिन जेल में जाना तो दूर १० साल के बाद वही अशोक चव्हाण भाजपा के प्यारे हो गए हैं। उन्हीं की तरह शरद पवार परिवार के खिलाफ भाजपा का अभियान चला था लेकिन कथित तौर पर ७० हजार करोड़ रुपए के घोटाले के आरोपी अजित पवार भाजपा के साथ महाराष्ट्र की सरकार में शामिल हैं। भ्रष्टाचार के आरोपी और वैचारिक विरोधियों के निरंतर भाजपा का हिस्सा बनते जाने का मैसेज दूर तक गया है।

तभी खुले दिल से कांग्रेस या दूसरी विपक्षी पार्टियों के बड़े नेताओं के साथ साथ भ्रष्टाचार के आरोपियों को सीधे पार्टी में शामिल करने या उनके साथ गठबंधन करने का मसला अब आम लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। अब तक विपक्षी पार्टियां भाजपा पर आरोप लगाती थीं कि वह आरोपी नेताओं को अपनी वाशिंग मशीन में धोकर शुद्ध कर रही है लेकिन अब यह बात आम जनता के बीच और सोशल मीडिया में विमर्श और मजाक का विषय बन गया है। भाजपा के कोर समर्थक भी इससे दुविधा में आए हैं। उनको कांग्रेस या दूसरी विपक्षी पार्टियों के नेताओं पर कोई भी आरोप लगाने में हिचक हो रही है क्योंकि किसी को पता नहीं है कि कौन, कब भाजपा में शामिल हो जाएगा। अब 'न खाऊंगा, न खाने दूंगा' का नारा अप्रासंगिक हो गया दिखता है। ईमानदारी और चाल, चेहरा, चरित्र अलग होने का नैरेटिव भी कमजोर हो गया है। अभी हो सकता है कि इसका नुकसान नहीं दिख रहा हो या लग रहा हो कि विपक्ष को कमजोर करके रसातल में पहुंचाने का अभियान सफल हो रहा है लेकिन बहुत जल्दी इसका असर दिखने लग सकता है। भाजपा के कोर समर्थकों में उदासीनता बढ़ रही है। उनमें वह उत्साह नहीं बचा है, जो १० साल पहले मोदी को लेकर था और न कांग्रेस के प्रति वैसी नाराजगी या विरक्ति बची है। उलटे विपक्ष को खत्म करके भाजपा की जीत के प्रति आश्वस्ति का भाव जैसे जैसे बढ़ेगा मतदाताओं की उदासीनता उतनी तीव्र हो सकती है, जिसका नुकसान भाजपा को हो सकता है। शास्त्रों में 'अति सर्वत्र वर्जयेत' का मंत्र दिया गया है। भाजपा को भी अति से बचना चाहिए।

## सू- दोकू क्र. 89

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.88 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |

# पश्चिम में न दम, न शर्म!

श्रुति व्यास

इजराइल जिद पर अड़ा हुआ है और बैंजामिन नेतन्याहू की बेरहमी कायम है। इजराइल की सेना के हाथों अब करीब ३०,००० फिलिस्तीनी अपनी जान गंवा चुके हैं। समुद्र से घिरे गाजा इलाके में मरने वालों में से दो-तिहाई से अधिक महिलाएं और बच्चे हैं। हजारों अन्य मलबे में दफन हैं। इजराइल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से 88 पत्रकारों की मौत हो चुकी है। गाजा के कत्लेआम का सीधा प्रसारण टेलिविजनों और मोबाईलों पर हो रहा है बावजूद इसके दुनिया के सारे नेता बेबस हैं। पश्चिमी देश - जो अपने आप को वैश्विक मूल्यों के हिमायती बताते हैं और कायदे-कानून के मुताबिक शासन चलाने की वकालत करते हैं - गाजा युद्ध को रूकवाने में नाकाम रहे हैं। नेतन्याहू को रोक पाने में उनकी नाकामयाबी से साफ़ है कि पश्चिम और उसके नेताओं का दबदबा और ताकत घटती हुई है।

विदेशी मामलों और सुरक्षा नीति के यूरोपीय संघ के प्रतिनिधि जोसेफ बोरेल ने कुछ महीने पहले माना था कि गाजा का हाल का घटनाक्रम अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की नैतिक और राजनीतिक असफलता का नतीजा है।उन्होंने कहा था कि कई दशकों से करीब-करीब पूरी दुनिया दो देश बनाकर इस समस्या का हल निकलने की बात करती आ रही है। लेकिन सिर्फ बातें हुईं। समस्या को हल करने के लिए कोई कोशिश नहीं की गयी।

बोरेल और कई अन्यों के मुताबिक इस स्थिति के लिए अमेरिका काफी हद तक जिम्मेदार है। लम्बे समय तक अमरीका के राष्ट्रपतियों की नीति रही है नरमी से बात करो और हाथ में एक मोटा डंडा रखो।इसके उलट, इस बार जो बाईडन ने बात सख्ती से की लेकिन उनके हाथों में डंडा नहीं था। अमेरिका एक अस्थायी युद्धविराम चाहता है जिसके दौरान इजराइली बंधकों की रिहाई हो और गाजा तक पर्याप्त सहायता सामग्री पहुँच जाए। लेकिन यह बाईडन प्रशासन की नाकाबिलियत या शायद कायरता है कि वह नेतन्याहू और उनके अति-दक्षिणपंथी सहयोगियों की रजामंदी में नाकाम है। पिछले हफ्ते बैंजामिन नेतन्याहू ने काहिरा में युद्धविराम और बंधकों की रिहाई के सम्बन्ध में समझौता वार्ताओं से अपने प्रतिनिधिमंडल को वापस बुलवा लिया। इससे देश में बंधकों के परिवारों में गुस्सा बढ़ा और और इजराइल के दोस्त देशों की चिंता बढ़ी। खबरों के मुताबिक नेतन्याहू अपने मंत्रिमंडल के अतिवादी सदस्यों की इस धमकी के आगे झुक गए है कि यदि उन्होंने उतावलेपन में हमास के साथ कोई समझौता किया तो उन्हें अपने पद से हाथ धोना पड़ेगा।

इजराइल के केबिनेट में बेजलेल सिमोट्रिक और इतमार बेन-गिविर साम्प्रदायिक उग्रपंथी हैं और ये कब्जे वाले पश्चिमी किनारे में बनी अवैध बस्तियों में रहते हैं। वे जो चाहे बोलते हैं क्योंकि वे जानते हैं कि उनका कुछ बिगड़ने वाला नहीं है। वे अपने मतदाताओं के बीच लोकप्रिय हैं।लगता है ये दोनों भी (पुतिन की तरह) डोनाल्ड ट्रंप के दुबारा सत्ता में आने का इंतजार कर रहे हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि उनके लिए भी ट्रम्प शायद बेहतर राष्ट्रपति होंगे? या शायद वे ट्रंप की मदद से गाजा में दुबारा बसने की उम्मीद कर रहे हैं। उनके दिमाग में क्या चल रहा है, यह कोई नहीं जानता।

लेकिन एक बात पक्की है - इजराइल और पश्चिम को कत्लेआम का कोई नतीजा नहीं भुगतना पड़ रहा है। इजराइल की अंदरूनी राजनीति और अमेरिका व अन्य पश्चिमी देशों के ढीले-ढाले रवैये को देखते हुए ऐसा लगता है कि युद्ध विराम नहीं हो सकेगा। लड़ाई जारी रहेगी।

सवाल है क्या व्लादिमीर पुतिन, बेंजामिन नेतन्याहू और जो बाईडन में जरा सा भी फर्क है?

# जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने पर कथावाचक पर मुकदमा दर्ज

हमारे संवाददाता

टिहरी। कथा के दौरान अनूसूचित जाति वर्ग के लोगों पर जातिसूचक शब्दों को प्रयोग करना एक कथा वाचक को भारी पड़ गया। शिकायत मिलने पर पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

जानकारी के अनुसार बीते रोज शिवदास पुत्र रतनदास अध्यक्ष डॉ. भीमराव अम्बेडकर जगजागृति समिति थत्यूड़ जौनपुर टिहरी गढ़वाल मय बचन दास भारती पुत्र चमनदास निवासी ग्राम पापरा थत्यूड़ जौनपुर जनपद टिहरी गढ़वाल ने थाना थत्यूड में तहरीर देकर बताया गया कि बीती 18 फरवरी को ग्राम बिड़कोट पट्टी दशज्युला टिहरी गढ़वाल में कथा वाचन के दौरान महावीर प्रसाद पुजारी पुत्र जगदीश प्रसाद पुजारी निवासी ग्राम ओंतण, पट्टी पालीगाड़ जनपद टिहरी गढ़वाल द्वारा सैकड़ों भक्तों की मौजूदगी में अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को संबोधित करते हुए उनको अपमानित करने के आशय से जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया गया। मामले में तहरीर के आधार पर पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

# पुलिस द्वारा नाबालिक अपहता को जम्मू कश्मीर से सकुशल किया बरामद

संवाददाता

टिहरी। पुलिस ने नाबालिग अपहृता को जम्मू कश्मीर से सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 24 फरवरी को ग्राम झेरपधार पट्टी रैका, थाना लम्बगांव निवासी महिला ने थाना लंबगांव आकर तहरीर देकर सूचना दी कि 24 फरवरी 2024 को पुत्री नाबालिक उम्र 17 वर्ष बिना बताए घर से जाने के सम्बन्ध में दाखिल किया, तहरीर के आधार पर थाना लंबगाव के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये थाना मुकदमा पँजीकृत किया गया। उक्त अभियोग मे नाबालिग की बरामदगी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक टिहरी गढ़वाल के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी चंबा के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया।

टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया गया व काफी प्रयास के पश्चात नाबालिक अपहर्ता को गत दिवस जम्मू से सकुशल बरामद किया गया व आरोपी विपिन कुमार पुत्र राकेश कुमार निवासी रोलाकोट पट्टी रैका थाना लम्बगांव जनपद टिहरी गढ़वाल को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय पेश किया गया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# गैरोला ने किया लाभार्थियों सम्पर्क

संवाददाता

देहरादून। लाभार्थी सम्पर्क अभियान के संयोजक ज्योति प्रसाद गैरोला ने लाभार्थियों से सम्पर्क कर चर्चा की।

आज लाभार्थी संपर्क अभियान के प्रदेश संयोजक ज्योति प्रसाद गैरोला के द्वारा राजपुर विधानसभा के अंतर्गत अंबेडकर मंडल में लाभार्थियों से संपर्क किया गया। लाभार्थी संपर्क अभियान के प्रदेश संयोजक ज्योति प्रसाद गैरोला ने लाभार्थियों से समन्वय कर चर्चा की एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा प्राप्त योजनाओं के लाभार्थियों से उनके द्वारा अनुभव को वीडियो के माध्यम से सरल ऐप पर अपडेट कराया एवं लाभार्थियों के द्वारा मिस कॉल करवा कर इस राष्ट्रव्यापी लाभार्थी संपर्क अभियान में अपनी भूमिका निभाई साथ ही यह अवगत कराया की यह अभियान पूरे देश में एक मार्च से 5 मार्च तक चलेगा इसमें सभी कार्यकर्ताओं को लाभार्थियों से संपर्क समन्वय करना है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष पंकज शर्मा, विशाल गुप्ता, पवन त्रिपाठी, अनीता गर्ग, मनोज जाटव, अनुप गोयल, लव अग्रवाल, राजेश गुप्ता, निखिल, प्रदीप कुमार, आकर्षित, विमला गौड़ आदि उपस्थित थे।

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट की मांग को लेकर.. ◀◀ पृष्ठ 1 का शेष

का प्रयास किया। इसी दौरान वहां पर वीडियों बना रहे एलआईयू कर्मी से भी लोगों ने मारपीट कर दी। महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल व बाल आयोग की अध्यक्ष गीता खन्ना ने भी मौके पर पहुंच लोगों को समझाया। कई घंटों तक लोगो को समझाने के बाद मामला शांत हुआ।

## सभी पांच सीटों पर भाजपा प्रत्याशी तय.. ◀◀ पृष्ठ 1 का शेष

अपने प्रत्याशियों के नामों का पैनल तैयार कर लिया गया है। कांग्रेस द्वारा तैयार की गई सूची में एक सीट पर कम से कम दो और अधिक से अधिक चार नाम शामिल है। जानकारी के अनुसार इस सूची में खुद प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा से लेकर पूर्व अध्यक्ष गणेश गोदियाल और नेता विपक्ष यशपाल आर्य तथा प्रीतम सिंह का नाम भी शामिल है जो सार्वजनिक तौर पर चुनाव लड़ने से इन्कार करते रहे हैं। करन माहरा का कहना है कि दावेदारी की सूची जल्द ही सीईसी को भेजी जाएगी जिससे जल्द प्रत्याशियों के नामों की फाइनल सूची तय हो सके।

# स्मैक कारोबार में दम्पत्ति सहित चार गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। सुभाष नगर मे चल रहे स्मैक के बड़े कारोबार का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने एक महिला व उसके पति सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिनके कब्जे से 30 लाख 80 हजार की स्मैक, 14 हजार की नगदी, डिजीटल तराजू व एक कार भी बरामद की गयी है।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र डोबाल ने बताया कि ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के तहत ज्वालापुर पुलिस द्वारा सीओ ज्वालापुर के नेतृत्व मे सुभाष नगर मे चल रहे स्मैक के कारोबार पर कार्रवाई करते हुए एक दम्पत्ति सहित चार ड्रग पैडलर्स को गिरफ्तार किया है। आरोपी बरेली से आई-20 कार मे स्मैक लेकर सुभाष नगर पहुचे थे। जिसके बाद एक सुचना पर ज्वालापुर पुलिस व एएनटीएफ की टीम द्वारा गिरफ्तार आरोपियों को महिला तस्कर मीनू के घर से गिरफ्तार किया गया। जिनके पास से 308 ग्राम स्मैक, 14 हजार की नगदी डिजिटल तराजू व एक कार भी बरामद की गयी है।

एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि कुख्यात नशा तस्कर रईस उर्फ गोलू निवासी लक्सर अपने साथी

### ❑बरेली से लाई गयी 30 लाख की स्मैक बरामद

शहजाद उर्फ गड्डी निवासी जबरदस्तपुर रूड़की के साथ बरेली से डिलीवरी कर आई-20 कार मे यह स्मैक आरोपी दंपति को देने आए थे। आरोपी दंपति स्मैक मंगा कर उसे छोटी-छोटी मात्रा में नशा करने वालों को बेचते थे।

सीओ ज्वालापुर शांतनु पाराशर ने बताया कि महिला काफी समय से एनडीपीएस के एक्ट में फरार चल रही थी। साथ ही महिला का पति अभिषेक निवासी बिजनौर हाल निवासी चोरगली सुभाषनगर ज्वालापुर पूर्व मे भी जेल जा चूका है।

चारो के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। आरोपियों की संपत्ति की जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार आरोपी नामचीन ड्रग्स डीलर है जिन पर पूर्व में भी कई मुकदमें दर्ज है।

# तीन दुपहिया वाहन चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने तीन स्थानों से तीन दुपहिया वाहन चोरी कर लिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार लक्खीबाग निवासी सोनिया ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया कि उसने अपनी स्कूटी घर के बाहर खडी की थी लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आयी तो उसने देखा कि उसकी स्कूटी अपने स्थान से गायब थी। वहीं बद्रीश कालोनी निवासी दिनेश चन्द्र ने रायपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने अपनी स्कूटी रिंग रोड पर अंग्रेजी शराब की दुकान के बाहर खडी की थी लेकिन जब वह थोडी देर बाद वहां पर पहुंचा तो उसकी स्कूटी अपने स्थान से गायब थी। इसके साथ ही हरिद्वार निवासी विमल प्रकार नौटियाल ने ऋषिकेश कोतवाली में अपनी एक्टिवा चोरी होने का मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने तीनों मुकदमें दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# लघु व्यापारियों ने किया लोनिवि के सहायक अभियंता का घेराव

हरिद्वार (सं)। लोक निर्माण विभाग द्वारा चौथे वेडिंग जोन पर आपत्ति लगाने पर लघु व्यापारियों ने लोनिवि के सहायक अभियंता का घेराव किया। आज यहां राज्य सरकार के निर्देशन में हरिद्वार नगर निगम प्रशासन द्वारा नगरी फेरी नीति नियमावली के नियम अनुसार बनाया गया चौथा वेंडिंग जो सेक्टर 2 बैरियर से भगत सिंह चौक के वेंडिंग जोन पर लोक निर्माण विभाग द्वारा दी गई आपत्ति के विरोध में लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा के नेतृत्व में देवपुरा चौराहे से लोक निर्माण विभाग के कार्यालय तक जोरदार नारेबाजी करते हुए जुलूस



निकालकर आक्रोश प्रकट करते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियो ने अधिशासी अभियंता की अनुपस्थिति में सहायक अधिशासी अभियंता गणेश जोशी का उत्तराखंड नगरी फेरी नीति नियमावली के साथ नगर निगम प्रशासन की प्रशासनिक कार्रवाई के बारे में अवगत कराते हुए सभी लाभार्थी लघु व्यापारियों के साथ सामूहिक रूप से दस्तावेज सौपे। इस अवसर पर संजय चोपड़ा ने कहा फेरी समिति की बैठक के नियम अनुसार सभी वेंडिंग जोन के स्थापना की कार्रवाई प्रचलन में है लोक निर्माण विभाग द्वारा वेंडिंग जोन पर आपत्ति जताए जाना उत्तराखंड शासन नगरी फेरी नीति नियमावली का उल्लंघन है। उन्होंने कहा यदि किसी प्रकार का किसी भी विभाग को अपना पक्ष रखना है तो फेरी समिति की बैठक के दौरान अपना पक्ष न्याय पूर्ण तरीके से रखा जा सकता है।

# दून महायोजना समीति की बैठक खानापूर्तिः त्यागी

संवाददाता

देहरादून। संयुक्त नागरिक संगठन के महासचिव सुशील त्यागी ने दून महायोजना समीति की बैठक को खानापूर्ति बताया।

आज यहां संयुक्त नागरिक संगठन के महासचिव सुशील त्यागी ने कहा कि संगठन द्वारा मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री, जिला मजिस्ट्रेट तथा एमडीडीए को भेजे गये मांग पत्र मे बताया गया है कि आपत्तियो के निराकरण हेतु दिसम्बर 2023 मे भारत सरकार, प्रदेश सरकार तथा शासन को संगठन ने सम्बन्धित विषय पर 'दून घोषणापत्र' जारी करते हुए, मांग पत्र भेजे थे। इनमे आपत्तियो को लेने की अन्तिम तिथि बढाये जाने की भी मांग की गयी थी। पत्र मे कुछ विषय एमडीडीए की भावी महायोजना के क्रियान्वयन को लेकर भी थे जिनके निराकरण की तत्काल आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि संगठन की मांग थी कि महायोजना जो अंग्रेजी भाषा में प्रकाशित थी,को हिंदी भाषा में प्रकाशित कराकर सभी संचार माध्यमों के द्वारा प्रसारित किया जाय। परन्तु प्राधिकरण द्वारा लाखों दूनवासियो के आम जनजीवन की सुरक्षा, संरक्षण, स्वास्थ्य, व्यवसाय आदि से संबद्ध इस योजना को अभी तक जानबूझकर उनके सुझावों के अंतर्गत प्रचारित प्रसारित नहीं कराया गया है। इसे कराया जाए। महायोजना सुनवाई समिति का गठन कब किसने किया? पता नही है। जबकी इसकी बैठक तहसील के हाल कमरे में प्रस्तावित है और खानापूर्ति इसका उद्देश्य है। इसको पुनः नगर निगम या मुख्यमंत्री आवास के प्रेक्षाग्रह में सरकार तथा शासन के प्रतिनिधि यों के साथ आयोजित कराकर विशाल स्तर पर आमजन से सुझाव लिए जाने जरूरी है। अन्यथा ऐसी सुनवाई का औचित्य ही अधूरा है।

संगठन की मांग है कि अब तक प्राधिकरण को प्राप्त 800 से अधिक आपत्तियां सुझाव जिनमे उनके सुझाव भी शामिल है उन पर क्या-क्या निर्णय लिये गये है। इनको सार्वजनिक रूप से प्रकाशित कराया जाए। इस सम्बन्ध मे प्राधिकरण के अधि कारियो को आदेश जारी किये जायेअन्यथा आमजन सूचना का अधिकार तथा उच्च न्यायालय मे उपलब्ध विकल्पो का भी उपभोग कर सकते है। जो शासन की कार्यप्रणाली पर आक्षेप होगा।

## एक नजर

# ज्ञानवापी मामले में सुप्रीम कोर्ट मुस्लिम पक्ष की याचिका पर सुनवाई को तैयार


नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट द्वारा इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली ज्ञानवापी मस्जिद समिति की याचिका पर सुनवाई करने के लिए सहमती जताई गई है, जिसके बाद अब सर्वोच्च अदालत में हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ में सुनवाई होगी। इस मामले की सुनवाई में शामिल मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि हम इसे मुख्य मामले के साथ टैग करेंगे। बता दें कि, ज्ञानवापी मामले में मुस्लिम पक्ष द्वारा याचिका दायर कर सिविल मुकदमे की स्थिरता पर सवाल उठाया था, जिसे इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया था। अदालत ने कहा कि, वाराणसी अदालत के समक्ष लंबित मंदिर के जीर्णोद्धार की मांग करने वाला एक दीवानी मुकदमा सुनवाई योग्य है। साथ ही हाई कोर्ट ने कहा था कि किसी



विवादित स्थान का धार्मिक चरित्र केवल अदालत द्वारा तय किया जा सकता है। गौरतलब है कि, मुकदमा उस स्थान पर एक मंदिर के जीर्णोद्धार की मांग करता है जहां वर्तमान में ज्ञानवापी मस्जिद है। हिंदू पक्ष के अनुसार, माना जाता है कि मस्जिद का निर्माण एक मंदिर के अवशेषों पर किया गया था, जो इसे धार्मिक संरचना का एक अभिन्न अंग बनाता है।

# आगामी लोकसभा इलेक्शन लड़ सकते हैं अक्षय कुमार !


मुंबई। बॉलीवुड के मिस्टर खिलाड़ी कुमार यानी अक्षय कुमार पॉलिटिक्स जॉइन कर सकते हैं। दरअसल खबरे हैं कि अक्षय कुमार आगामी लोकसभा चुनाव में बीजेपी के टिकट पर इलेक्शन लड़ सकते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार यानी अक्षय कुमार कुमार को दिल्ली की चांदनी चौक सीट से बीजेपी द्वारा चुनाव लड़ने के लिए कहा जा सकता है। कहा जा रहा है कि पार्टी



के कुछ नेता एक्टर के कॉन्टेक्ट में है। हालांकि इसे लेकर अभी तक कोई भी ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की गई है। बता दें कि भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ। हर्ष वर्धन ने 2014 और 2019 में दो बार सीट जीती थी। यह सीट 2004 और 2009 में पूर्व कांग्रेस नेता और केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल ने जीती थी। वैसे अक्षय कुमार के बीजेपी से अच्छे संबंध रहे हैं। फिलहाल एक्टर का करियर का ग्राफ भी काफी नीचे चल रहा है उनकी पिछली कई फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ठीक परफॉर्म नहीं कर पाई हैं। फिलहाल अक्षय कुमार अपनी अपकमिंग फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में बिजी हैं। इस फिल्म में वे टाइगर श्रॉफ के साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगें। अक्षय को अपनी इस एक्शन पैक्ड फिल्म से काफी उम्मीदे हैं।

# 'झांसी की रानी' टीवी सीरियल के लेखक मेराज जैदी ने दुनिया को कहा अलविदा

प्रयागराज। झांसी की रानी समेत कई टीवी सीरियल्स की स्क्रिप्ट लिखने वाले मशहूर लेखक मेराज जैदी का निधन हो गया है। मेराज ने प्रयागराज के दांदूपुर स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। वे 76 साल के थे और पिछले काफी दिनों से गंभीर रूप से बीमार थे। वहीं मेराज जैदी के निधन से तमाम फैंस सहित सेलेब्स में शोक की लहर दौड़ गई है। बता दें कि मेराज ने झांसी की रानी, वीर शिवाजी, शोभा सोमनाथ की, आपकी अंतरा, राजा का बाजा जैसे कई हिट टीवी सीरियल्स में स्क्रिप्ट और डायलाग्स लिखे थे। मेराज जैदी अपने पीछे तीन बेटे और दो बेटियां छोड़ गए हैं जैदी एक शानदार राइटर तो थे ही साथ ही वे देश



के काफी फेमस नाट्य निर्देशक, गीतकार और यहां तक कि एक्टर भी थे। उन्होंने हॉलीवुड फिल्मों गोंगर 2 सहित कई सीरियल और फिल्मों में अपनी अदाकारी का भी जलवा दिखाया था। उन्होंने हबीब तनवीर के साथ कई शोज किए थे जिनमें आगरा बाजार, मृतक बिहारी लाल हाजिर हों, शहर में कर्फ्यू, रामचरन चोर जैसे कई शोज काफी पॉपुलर रहे थे। मेराज जैदी के शिष्य रहे और उनके असिस्टेंट लेखक केरू में काम कर रहे लोक संस्कृति विकास संस्थान, प्रयागराज के निदेशक शरद कुमार ने दिवंगत लेखक के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने कहा कि इतना बेबाक जिंदगी और ऐसा तरंगित शब्द सागर यूं खामोशी से अलविदा कह देगा कभी सोचा नहीं था। लेखन के मेरे सफर का साथी हमेशा के लिए मुझसे जुदा हो गया।

# 246 नग प्रतिबंधित कांजल की लकड़ी के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

उत्तरकाशी। प्रतिबन्धित कांजल काठ लकड़ी की तस्करी मामले में कार्यवाही करते हुए पुलिस ने आज सुबह दो तस्करों को 246 नग कांजल काठ की लकड़ी सहित गिरफ्तार कर लिया है। जिनके पास से तस्करी में प्रयुक्त एक कार भी बरामद की गयी है। पुलिस द्वारा वन तस्करों पर पिछले दो दिनों में यह दूसरी कार्यवाही की गयी है।



जानकारी के अनुसार आज सुबह थाना धरासू पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में कुछ वन तस्कर वन सम्पदा की तस्करी हेतु आने वाले है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान नगुण बैरियर पर की जा रही चैकिंग के दौरान एक संदिग्ध कार आती हुई दिखायी दी। पुलिस ने उसे रूकने का इशारा किया तो कार चालक साथी सहित भागने का प्रयास करने लगा। इस पर उन्हे घेर कर रोका गया। कार की तलाशी के दौरान उसमें रखी 246 गुटके कांजल-काठ की लकड़ी बरामद की गयी है। पूछताछ में उन्होने अपना नाम नौशाद पुत्र अकबर निवासी कैलाश बिहार वेहट रोड कोतवाली देहान, सहारपुर उत्तरप्रदेश व देव बहादुर पुत्र डबला लामा निवासी तिब्बती कॉलोनी क्लेमनटाउन देहरादून मूल निवासी दीगां थाना धारापुरी हुमला नेपाल बताया। बताया कि वह बरामद लकड़ी को राड़ी टाप के जंगलों से काटकर उसे सहारनपुर बेचने जा रहे थे। पुलिस ने गिरफ्तार तस्करों को अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु वन विभाग के सुपुर्द कर दिया है। बरामद लकड़ी की कीमत करीब 25 लाख रूपये बतायी जा रही है। बता दें कि धरासू क्षेत्र में लकड़ी के तस्करों पर पुलिस की यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है, दो दिन पहले पुलिस ने 3 तस्करों को 192 नग लकड़ी के साथ गिरफ्तार किया था और आज फिर नगुण बैरियर से 246 नग कांजल की लकड़ी की तस्करी करते हुये 2 तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

# आसाराम बापू को सुप्रीम कोर्ट से झटका, याचिका खारिज



हमारे संवाददाता

नई दिल्ली। यौन शोषण मामले में सजा काट रहे आसाराम बापू को आज सुप्रीम कोर्ट से गहरा झटका लगा है। शीर्ष न्यायालय ने स्वास्थ्य आधार पर दुष्कर्म मामले में सजा निलंबित करने की आसाराम बापू की याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने आसाराम को पुलिस हिरासत में महाराष्ट्र के अस्पताल में इलाज कराने के लिए राजस्थान हाईकोर्ट जाने की सलाह दी है। आसाराम ने महाराष्ट्र में पुलिस हिरासत में आयुर्वेदिक इलाज कराने की भी मांग की थी, जिसपर कोर्ट ने राजस्थान हाईकोर्ट जाने को कहा। बता दें कि ये पहली दफा नहीं है जब आसाराम को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली है, इससे पहले भी शीर्ष अदालत से उसे झटका लगा है।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की खंडपीठ ने राजस्थान उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ आसाराम बापू की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। दरअसल, हाईकोर्ट ने सजा के निलंबन के लिए उनके चौथे आवेदन को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि अगर आसाराम को पुलिस हिरासत के बजाय अपनी मर्जी से इलाज कराने की अनुमति दी गई तो कानून-व्यवस्था बिगड़ सकती है।

# सुनियोजित था हल्द्वानी हिंसा का षड्यंत्र

❑महीनों पहले रची गई षड्यंत्र की साजिश
❑अब्दुल मलिक मास्टरमाइंड, पुलिस का दावा
❑बंजारन मस्जिद में रची गई पूरी साजिश

विशेष संवाददाता

हल्द्वानी। 8 फरवरी को हल्द्वानी के वनभूलपुरा में जो हिंसा और आगजनी की घटना हुई वह एक सुनियोजित षड्यंत्र था जिसे सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने के लिए कई महीने पहले से रचा जा रहा था।

इस बात का खुलासा एसएसपी मीणा द्वारा किया गया है। उनका कहना है कि अब जब इस मामले के सभी आरोपी पुलिस गिरफ्त में है तो उनसे पूछताछ में इस हिंसा के पीछे के कारणों से पर्दा उठना शुरू हो गया है। उनका कहना है कि इस घटना का मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक ही है जिसने हिंसा के लिए मुस्लिम समुदाय के लोगों को भड़काने का काम किया।

जानकारी के अनुसार अब्दुल मलिक क्षेत्र की एक अन्य मस्जिद जिसे बंजारन मस्जिद के नाम से जाना जाता है, की प्रबंध समिति का सचिव भी है। पुलिस का कहना है की अब्दुल मालिक द्वारा ही मलिक का बगीचा जिसमें उसने नजूल की भूमि को कब्जाने के लिए अपनी मां मरियम के नाम से एक धार्मिक संरचना और मदरसे की इमारत खड़ी की थी उस पर वह अपना कब्जा बनाए रखना चाहता था। जबकि उसे इस बात का आभास हो चुका था कि प्रशासन इसके खिलाफ कार्रवाई कर सकता है। उसने बंजारन मस्जिद में लोगों के साथ मिलकर इसकी योजना बनाई कि अगर हमारे मदरसों व मस्जिदों के खिलाफ कुछ ऐसा होता है तो हमें इसका पुरजोर तरीके से विरोध करना है। पुलिस का मानना है कि उसने सांप्रदायिक भावना भड़काकर लोगों को इस कार्यवाही के विरोध में खड़ा किया।

उल्लेखनीय है कि 8 फरवरी को हुई हिंसा के दौरान जिस तरह से पुलिस पर पथराव व पेट्रोल बमों से हमला किया गया था उसकी तैयारी बहुत पहले ही कर ली गई थी ऐसा किया जाना तत्काल संभव नहीं था। अब्दुल व उसका बेटा पुलिस गिरफ्त में है और उनसे पूछताछ जारी है।

# मकान का ताला तोड़ जेवरात व नगदी चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने मकान का ताला तोड वहां से जेवरात व नगदी चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार संजय कालोनी निवासी इमरान ने डालनवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि 27 फरवरी को उसके पिता की मृत्यु होने पर वह अपने गांव बिजनौर चले गये थे। अगले दिन उनके पडोसी का फोन आया कि उनके घर पर चोरी हो गयी है। वह वापस आये तो उन्होंने देखा कि उनके मकान का ताला टूटा हुआ था तथा घर से जेवरात व नगदी गायब थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।


**आर.एन.आई.-** 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकारः**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*